### छिंदवाड़ा और परासिया पुलिस ने हत्या का किया राजफाश, आरोपियों को भेजा जेल, धारदार हथियार से की थी हत्या

## अंधे हत्याकांड का खुलासा: 48 घंटों के अंदर 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कुछ दिनों पूर्व परासिया क्षेत्र में एक महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है। पुलिस ने गुरूवार को एक महिला के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड न. 16 न्यू चीफ हाउस मे अशोक शर्मा के घर के पास विमला बाई खून से लतफथ पडी है, सूचना तस्दीक हेतु सूचनाकर्ता के बताए पते पर पहुंचकर देखा गया जहां पर विमला बाई अपने मकान के बीच वाले कमरे के सोफे की कुर्सी में मृत हालत में मिली, जिसके गले में गंभीर चोट आकर खून बह रहा था, फर्श मे भी काफी खून निकलकर बहा था, किचिन मे रखी गोदरेज आलमारी खुली हुई थी, आसपास का सामान बिखरा हुआ था, जिससे प्रतीत हो रहा था कि आरोपी द्वारा लूटपाट कर विमला बाई सनोडिया की किसी धारदार हथियार से गले में चोट पहुंचाकर हत्या कारित की गयी है। इस प्रकार (मृतिका) विमला पति स्व. द्वारकाप्रसाद सनोडिया उम्र 66 साल निवासी परासिया का शव पायें जाने पर घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन मे अति.पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री जितेन्द्र जाट के नेतृत्व में एफ.एस.एल अधिकारी, डॉग स्कॉट, फिंगर प्रिंट अधिकारी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर सूचनाकर्ता की रिपोर्ट पर अप.क्र. 252/25 धारा 103(1),311,61(2),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना कार्यवाही :- वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मामलें की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये अलग-अलग टीम गठित की गयी, सीसीटीवी फुटेज, आसूचना संकलन, घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान उपस्थित आस पास के लोगो से घटना के संबंध मे बारीकी से पूछताछ की गयी, घटनास्थल पर पाए गए अन्य भौतिक साक्ष्यो को एकत्र किये गये, घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरो की फुटैज चैक किये गये, सीसीटीव्ही कैमरे में घटना स्थल पर एक मोटर साईकिल व संदेहियो की गतिविधि दिखायी दी गई, साथ ही आसूचना तंत्र से मृतिका के घर अभिषेक श्रीवास्तव निवासी बाजार चौक चांदामेटा के मृतिका के घर आने जाने की सूचना प्राप्त हुई। संदेही अभिषेक श्रीवास्तव को तलाश कर दबिश/घेराबंदी कर बाजार चौक चांदामेटा से पकड़कर अभिरक्षा मे लिया जाकर पूछताछ की गयी जो पूछताछ पर संदेही अभिषेक श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि मृतिका विमला सनोडिया की बहु कल्पना सनोडिया का रिश्ते में दूर का भतीजा लगता है, मृतिका की बहु कल्पना सनोडिया जो अपने पति बच्चो के साथ भोपाल में रहती है, जो अभिषेक भी भोपाल में रहता था, भोपाल में रहने के दौरान कल्पना सनोडिया के घर उसका आना जाना लगा रहता था, उसी दौरान मृतिका के कल्पना के घर रहने पर अभिषेक श्रीवास्तव से जान पहचान हो गयी थी, कल्पना सनोडिया के द्वारा उधार पैसे लेकर अभिषेक को दिये गये थे जो कल्पना सनोडिया अपने द्वारा दिये गये रूपयों अभिषेक को वापस करने के लिये बार-बार बोल रही थी परंतु अभिषेक पैसा नही दे पा रहा था। फिर मृतिका की बहु कल्पना तथा अभिषेक द्वारा मिलकर मृतिका के साथ लूट करने की योजना बनायी गयी जिसमें अभिषेक द्वारा अपने पुराने परिचित दोस्तो के साथ मिलकर सर्वप्रथम दिनांक 04/08/2025 को मृतिका के घर की रैकी अपने दोस्त रहीम, भूरा व नाहिद के साथ मिलकर की गयी, फिर दिनांक 05/08/2025 को पुनः अभिषेक द्वारा अपने दोस्त रहीम तथा भूरा के साथ मिलकर मृतिका के घर में मृतिका की हत्या कर उसके आभूषण तथा पैसे लूट कर फरार हो गये थे। गठित पुलिस टीम द्वारा अन्य 04 आरोपीगणों को अलग-अलग स्थानों पर दबिश/घेराबंदी कर पकडा गया, मामले की विवेचना जारी है।


पुलिस ने पकड़े हत्या करने वाले पांच आरोपी।


मृतिका विमला सनोडिया

### ये आरोपी गिरफ्तार

1.अभिषेक श्रीवास्तव पिता राजेश श्रीवास्तव निवासी वार्ड नं.15 दर्गा चौक बाजार चांदामेटा 2.कल्पना पति राजकुमार सनोडिया निवासी सर्वधर्म कालोनी कोलार जिला भोपाल 3.रहीम पिता मेहबूब शाह निवासी मांग मोहल्ला तिलक वार्ड बैतूल 4.भूरा उर्फ जुबैर पिता इस्माईल खा निवासी तिलक वार्ड बैतूल 5.नाहिद पिता इरशाद अहमद निवासी तिलक वार्ड बैतूल

### इनकी रही अहम भूमिका

एस.डी.ओ.पी. कार्या. स्टाफ, थाना परासिया,थाना चांदामेटा, थाना रावनवाड़ा (शिवपुरी), थाना उमरेठ, थाना जुन्नारदेव, सायबर सेल छिंदवाड़ा,पुलिस कंट्रोल रूम छिंदवाडा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस महानिरीक्षक जोन जबलपुर द्वारा टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## दलित महिला सरपंच ने न्याय की लगाई गुहार

**गांव के उपसरपंच के अलावा दो अन्य रेत तस्कर कर रहे है प्रताड़ित, अविश्वास प्रस्ताव की है तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




दलित महिला सरपंच के संघर्ष का एक मामला जिले में सुर्खियां बटोर रहा है। किरार समाज के दबंगों ने उसे पद से हटाने की पूरी साजिश कर ली है। क्योंकि दबंग उपसरपंच और उसके साथी रेत तस्करी के आरोपी है। जिन पर महिला सरपंच ने ही रेत तस्करी में आरोपी बनवाया है। अवैध रेत का व्यापार और शासकीय भूमि में अतिक्रमण जैसे गंभीर आरोप भी उपसरपंच के अलावा अन्य तीन पंचों पर भी लगाए गए है। जिसमें उपसरपंच रामनाथ सोलंकी, लक्ष्मण सिंह सोलंकी और अमरीश सोलंकी तीनों ही परसगांव सर्रा के रहने वाले है। दलित महिला प्रेस कॉफ्रेंस कर अपनी व्यथा प्रेस के सामने तो रखी ही साथ ही जिला कलेक्टर, एसडीएम और पुलिस थाने में भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

देखने वाली बात यह है कि दलित सरपंच महिला इन दबंगों के आगे कब तक प्रताड़ित होगी। यह तो आने वाले समय ही बताएगा परंतु जय भीम सेना ने महिला की मदद करने का प्रयास किया है और अपनी आवाज बुलंद की है।

पीड़िता दलित महिला सरपंच रीना पहाड़े ने आरोप लगाया कि ग्राम के ही उपसरपंच व उनके सहयोगियों के द्वारा उन जान से मारने की धमकी दी गयी व जातिगत दुव्र्यवहार महिला दलित जाति की होने के कारण अपमानित किया जा रहा है। ऐसी पंचायत में अनेकों प्रकार की घटनाओं से प्रेस को अवगत कराया कि उनके ही ग्राम पंचायत में स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर सरपंच जैसे पद पर होने के पश्चात राष्ट्रीय ध्वज रोहण करने से रोकना एवं सरपंच के संवैधानिक पद पर होते हुये भी सरपंच की कुर्सी पर नहीं बैठने दिया जाना जैसी घटना घटित कर महिला को जातिगत द्वेषभावना से अपमानित किया गया है। ग्राम पंचायत में ग्राम विकास हेतु जनहित के कार्यो में भी अवरोध पैदा किया जाता है वर्तमान में ग्राम में जनहित को देखते हुये शासकीय भूमि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को शासकीय भूमि पर चिन्हित किया गया उक्त भूमि पर भी उपसरंपच के सहयोगियों द्वारा अवैध कब्जा कर ठेकेदार को भवन निर्माण कार्य करने से रोका गया।

ऐसी ही घटना विगत दिनों पूर्व उपसरपंच एवं सहयोगियों द्वारा ग्राम में आस पास में अवैध रेत उत्खनन कर भंडारण किया गया था जिसे कि खनिज विभाग द्वारा जप्ती के कारण भी दलित महिला सरपंच को जातिगत अपमानित कर जान से खत्म करने की धमकी दी जा रही है।

ग्राम पंचायतों के पंचों को प्रलोभन देकर जातिगत संगठन का दबाव बनाकर अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिये अनुविभागीय अधिकारी चैरई के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। संगठन के अध्यक्ष शिवम् पहाडे.ने कहा है दलित महिला सरपंच को जातिगत दबाव बनाने को लेकर जिलाध्यक्ष कार्यालय में लिखित आवेदन दिया गया है उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाया जाए।

### हरियाली महोत्सव के तहत भाजपा मंडल की महिलाओं ने किया पौधारोपण

**छिंदवाड़ा।** हरियाली महोत्सव के तहत गुलाबरा भाजपा मंडल 4 में हरियाली महोत्सव और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजौलिया ने बताया कि वार्ड नंबर 44 में राजराजेश्वरी मंदिर में हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं द्वारा मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान महिलाओं को पौधारोपण का महत्व बताते हुए इसके सरंक्षण की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष निशा गोस्वामी, पूर्व पार्षद सुनीता यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता पूनम कटरे, नीतू सराठे, शालिनी बघेल, कार्यकारणी सदस्य वंदना विश्वकर्मा, रुक्मणी खटोले, रत्ना साहू, प्रभा ओक्टे, हेमलता सोनकुंवर एवं समस्त 44 नंबर वार्ड की महिलाएं उपस्थित थी।

## एटीएम धोखाधड़ी के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**भारतीय स्टेट बैंक सौंसर परिसर की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



बीते दिनों नगर के श्री क्षत्रपति शिवाजी महाराज चौक सौंसर में स्टैंट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन में एटीएम बदलकर अन्य एटीएम से रूपये निकालने संबंधी पर कार्यवाही करते हुए आरोपीगणों को गिरफ्तार कर कुल 1000/- रूपये नगद मोबाईल फोन जप्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक पाण्डुर्णा सुन्दर सिंह कनेश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी डीएसपी सौंसर श्रीमती प्रियंका पाण्डेय के मार्गदर्शन में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है,19 जून को प्रार्थिया अन्नपूर्णा सिंह पति अवधेश सिंह, उम्र 55 साल, निवासी वार्ड क्र. 10 कडू कालोनी सौंसर ने थाना आकर मौखिक रिपोर्ट लेख करायी कि मेरा एटीएम कार्ड बंद होने पर नया कार्ड आने से अपनी लड़की के साथ जाकर यूनियन बैंक के एटीएम मशीन से एटीएम कार्ड चालू कराकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से 100/- रूपये व 900/- रूपये निकालने के पश्चात एटीएम में खड़े दो अन्य लड़के ने मिनी स्टेटमेंट चेक करने का कहने पर स्टेटमेंट चेक करने के दौरान दोनों लड़को ने चालाकी से एटीएम कार्ड बदल दिया था, तथा बारी-बारी से अलग अलग एटीएम से 73000/- रूपये मेरे खाते से निकाल लिये। जिसकी रिपोर्ट पर थाना सौंसर में अपराध क्र. 310/25, धारा 318 (बी) बीएनएस. 2023 का पंजीबद्ध किया गया।

### सीसीटीवी की मदद से किया आरोपियों को चिन्हित

अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस टीम द्वारा एटीएम के पास लगे कैमरे व तकनीकी मदद से आरोपियों को चिन्हित किया गया,जिसमें अकरम उर्फ पप्पू पिता मोहम्मद अली, उम्र 26 साल, निवासी रनियाला खुर्द, थाना उटावड़, जिला पलवल, हरियाणा 2. विरेन्द्र पिता गोपाल सिंह गुर्जर, उम्र 33 साल, निवासी कनवाड़ी, थाना कामाँ, जिला डींग, राजस्थान 3. अमन पिता नसीम खान, उम्र 21 साल, निवासी वार्ड क्र.02 शासकीय स्कूल के सामने गोपालगंज, थाना लखनवाड़ा,जिला सिवनी, को गिरफ्तार किया गया। तथा प्रार्थिया के एटीएम कार्ड पीओएस मशीन द्वारा 49500/- रूपये ट्रांसफर किये गये खाते को होल्ड किया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सौंसर रूपलाल उईके, सउनि, रणजीत राजपूत, आर. 544 अखिलेश प्रताप सिंह, आर. 964 रवि टेकाम, आर. 473 मनीष टेमरे, आर. 149 अखिलेश हिंगवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस ने सात पेटी विदेशी शराब की जब्त

**जुन्नारदेव थाना क्षेत्र का मामला, 62 हज़ार की शराब के साथ मारुति कार पकड़ाई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

7 अगस्त की अल सुबह को पुलिस को उनके मुखबिर से शराब के अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर पुलिस महकमा सक्रिय हो गया और 7 अगस्त की अल सुबह को 3:00 बजे एक मारुति कार को दांतला अंडरपास ब्रिज में दबोच लिया गया। यहां पर मौके का फायदा उठाते हुए कार चालक रंजीत सूर्यवंशी भाग निकल गया। पुलिस ने यहां पर कार्रवाई करते हुए कार में लगभग 62000 की सात पेटी विदेशी शराब को जप्त कर लिया है। इसके साथ ही इस अवैध शराब का परिवहन कर रही नीले रंग की मारुति कार क्र MP 28 YH 9632 को भी पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई में उनि. मुकेश डोंगरे, सउनि. राजकुमार कुमरे, आर. 522 भगवान सिंह भिलाला शामिल थे। अवैध शराब को पकड़ लिए जाने के बाद अब जुन्नारदेव पुलिस रंजीत पिता दीपचंद सूर्यवंशी निवासी कुम्हारी मोहल्ला परासिया की तलाशी का अभियान छेड़दिया गया है। आरोपी रंजीत सूर्यवंशी पिता दीपचंद सूर्यवंशी निवासी कुम्हारी मोहल्ला परासिया के विरूद्ध थाना जुन्नारदेव में अप. क्र. 290/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी रंजीत सूर्यवंशी एंव शराब के स्त्रोत के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

**आरोपी:** रंजीत सूर्यवंशी पिता दीपचंद सूर्यवंशी निवासी कुम्हारी मोहल्ला परासिया।

## दो सचिवों पर हुई एफआईआर

**फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने का है आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उच्च स्थानांतरण का स्थगन आदेश लाने के आरोप में कृष्णकुमार नागवंशी सचिव ग्राम बागबर्धिया के विरूद्ध अपराध क्रमांक 0453 दर्ज किया गया। जिसमें भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 318 (4) और भारतीय न्याय संहिता 2023 336 (3) के तहत कार्यवाही की गई। दरअसल कृष्णकुमार नागवंशी द्वारा उच्च न्यायालय में जिला पंचायत छिंदवाड़ा के जो दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे वे जांच में फर्जी पाए गए। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार माननीय न्यायालय को श्री तशरीफ खान के स्थानांतरण के संबंध में जो जानकारी ली गई वह झूठी और गलत है। इस तरह का कोई भी आदेश कार्यालय से नहीं जारी किया गया। वहीं फर्जी आदेश जारी करने के संबंध में सतीश हनोतिया व अन्य के विरूद्ध कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सतीश हनोतिया ग्राम पंचायत कन्हरगांव को प्रथम दृष्टया फर्जी आदेश प्रसारित करने और न्यायालय में झूठी जानकारी प्रस्तुत करने को गंभीर अपराध मानते हुए जिला पंचायत सीईओ द्वारा निलंबित किया गया है।

सतीश कुमार हनोतिया और कृष्णकुमार नागवंशी दोनों के खिलाफ एफआईआर के अलावा विभागीय जांच की कार्यवाही की गई है और उन्हें निलंबित किया गया है।


सचिव कृष्णा कुमार नागवंशी

## अज्ञात लोगों ने बाइक में लगाई आग, बाइक जलकर हुई खाक

**न्यूटन / परासिया :** न्यूटन वार्ड 4 झिरिया के समीप घर के बाहर खड़ी बाइक को कुछ अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। जिससे बाइक बुरी तरह जल गई। इस मामले की शिकायत न्यूटन पुलिस चौकी में दर्ज कराई गई है। पीड़ति सचिन कौरव पिता स्वर्गीय बद्री प्रसाद ने शिकायत में बताया, कि वह परासिया में एक शराब दुकान में काम करता है, वह अपने भाई की बाइक क्रमांक एम पी 28 , 6336 से आना जाना करता है। बुधवार घटना की रात उसने बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह 4 बजे जब वह उठा तो उसे आग की लपटें दिखाई दी। बाहर आकर देखा तो बाइक जल रही थी। आग को बुझाया गया। तबतक बाइक बुरी तरह जल चुकी थी। उसने यह भी बताया, कि रात करीब 3 बजे उसके घर के समीप से एक कार टर्न हुई थी।




### श्रीराम मंदिर से धूमधाम से निकली बाबा महाकाल की पालकी यात्रा





**छिंदवाड़ा।** पवित्र सावन माह में जहां पूरे विश्व में महादेव का रुद्राभिषेक किया जाता है, वहीं शहर के हृदय स्थल स्थित श्रीराम मंदिर में भी सामूहिक रूप से प्रतिदिन भोलेनाथ का अभिषेक काशी से वेदाचार्य पंडित नंदकिशोर शास्त्री द्वारा कराया गया। सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल सोनी द्वारा बताया गया कि श्रीराम मंदिर से प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पालकी यात्रा निकाली गई। यह पालकी यात्रा गुरुवार दोपहर 02 बजे श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर गणेश चौक, रॉयल चौक, चौरसिया मोहल्ला चूना गली होते हुए मेन रोड एवं बड़ी माता मंदिर के दुर्गा चौक होते हुए छोटा तालाब पहुंची। समिति के सचिव सतीश दुबे लाला ने बताया कि बाबा महाकाल की पालकी यात्रा के समापन के बाद समिति द्वारा मंत्रोच्चारण से सिद्ध किए हुए एक हजार रुद्राक्षों का निशुल्क वितरण किया गया। पूरे माह श्री राम मंदिर में महादेव के विभिन्न स्वरूपों की प्रतिकृति बनाकर पूजन किया गया था। जिसमें बाबा महाकाल के साथ पशुपतिनाथ एवं त्र्यंबकेश्वर की प्रतिकृति का विसर्जन भी शोभायात्रा में किया गया।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान में एक दिन में 600 पौधे

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर दिनांक 07/08/2025 को वार्ड क्रमांक 03 जामुनझिरी पहाड़ी में 600 करंज पौधों का रोपण किया गया। लगातार दूसरे दिन जामुनझिरी पहाड़ी पर सैकड़ों पौधों का रोपण निगम अमले द्वारा किया गया। वृहद स्तर पर चलाए जा रहे इस पौधारोपण अभियान में इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्वेता घई, पूजा खंडेलवाल, राजो मालवी, मोनाली खंडेलवाल, सहायक यंत्री विवेक चौहान, उद्यान प्रभारी उपयंत्री शिवप्रसाद पंद्राम सहित उद्यान शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पर्यटन ग्राम चिमटीपुर में होम स्टे का शुभारंभ, चार नए होम स्टे की रखी गई नींव

## झिलमिलाती रोशनी के बीच खुले तरक्की के द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



चांदनी रात और झिलमिलाती रोशनी के बीच गत रात्रि छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्राम चिमटीपुर में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित दो होम स्टे का शुभारंभ कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने किया। इसके साथ ही यहां के आदिवासियों की आर्थिक तरक्की के द्वार खुल गए हैं। चिमटीपुर में अब पांच होम स्टे हो गए हैं, इसके साथ ही चार नए होम स्टे का भूमिपूजन कलेक्टर श्री सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार सहित अधिकारी-कर्मचारी व गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्रामों में होम स्टे के शुभारंभ का सिलसिला लगातार जारी है। होम स्टे का उद्घाटन करने चिमटीपुर पहुंचे अतिथियों का स्वागत परार्थ समिति की अगुवाई में ढोल-बाजों के साथ किया गया। स्वागत व लोकापर्ण के बाद कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह व सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार ने होम स्टे का निरीक्षण किया और संचालकों से बातचीत करके पर्यटकों व अतिथियों को बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्राम में सांस्कृतिक भवन जल्द बनाने और बिजली आपूर्ति की सुविधा में और सुधार लाने के निर्देश दिए।

### आदिवासियों ने दिया कलेक्टर को दिया धन्यवाद

पर्यटन ग्राम चिमटीपुर में उस समय माहौल बेहद मार्मिक और उत्साहित हो गया जब सारे आदिवासियों ने मिलकर कलेक्टर श्री सिंह का अभिवादन किया। सभा में ग्रामीणों ने कहा कि जनवरी माह में प्रथम होम स्टे लोकार्पण के समय गांव की जो भी समस्याएं कलेक्टर श्री सिंह के समक्ष रखीं गईं थीं, उन सबका निराकरण समय पर हो गया है। बिजली, पानी, सड़क सहित ग्रामीण आदिवासियों को हर सुविधा का लाभ कलेक्टर व सीईओ सर के मार्गदर्शन में मिल रहा है।

### होम स्टे संचालकों को बांटे प्रमाण-पत्र

होम स्टे लोकार्पण अवसर पर कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह व सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार ने होम स्टे संचालकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। होम स्टे रजिस्ट्रेशन, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा दी गई विभिन्न स्तर के प्रशिक्षण में मिले प्रमाण-पत्र मिलने से चिमटीपुर के आदिवासी परिवार प्रसन्न दिखे।

### परोसा गया लजीज भोजन

होम स्टे के उदघाटन अवसर पर अतिथियों व उपस्थित ग्रामीणों को जबरदस्त लजीज और स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। भोजन की थाली में सब्जी-पुड़ी के साथ केवकंद के भजिए, समा की खीर, कुटकी का भात, ज्वार के लड्डू जैसा पारंपरिक खाना देख कर सबके चेहरे खिल गए और आनंदपूर्वक सभी ने भोजन ग्रहण किया। लोकार्पण कार्यक्रम में तामिया सीईओ संतोष मांडलिक, भोपाल से आए होम स्टे परियोजना प्रबंधक रहीमुद्दीन सिद्दकी, पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी, परार्थ समिति से मोहम्मद सगीर खान, मंजरी चांदे, अंतराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी आदित्य आम्रवंशी, रामदास नागरे, धारासिंह डहेरिया, सरपंच रमेश चलसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिंगोडी में शांति समिति की बैठक संपन्न, अमरवाड़ा एसडीएम, एसडीओपी मेडम, टीआई सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

# शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने बैठक में हुआ विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पुलिस चौकी सिंगोड़ी में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सोमवार को सिंगोड़ी में भुजलिया पर्व को लेकर विभिन्न चर्चाएं की गई।बैठक में प्रमुख रूप से अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे एसडीओपी टीआई मोहनसिंह मर्सकोले मुख्य रूप से उपस्थित रहे।सिंगोड़ी का भुजलिया पर्व सारे प्रदेश में प्रसिद्ध है। जिसमें सभी धर्म संप्रदाय के लोग इस पर्व को आपसी भाईचारा सौहार्द और कौमी एकता के साथ मनाते है।आज की इस बैठक में ग्राम पंचायत सिंगोड़ी को साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था कराने की बात कही गई साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाको में रजोला ,बड़ेगांव, खकरा चौरई , पिंडरई डवीर सहित विभिन्न ग्रामीण इलाको में भुजलिया पर्व को शांतिपूर्ण पूर्वक से मनाने की बात कही गई। वही त्यौहारो के चलते सभी क्षेत्र वासियो ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा।इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में शांति समिति के सदस्य गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें चौकी प्रभारी पंकज राय ने सभी लोगो का आभार प्रदर्शन कर त्यौहारो को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। ये रहे उपस्थितशांति समिति की बैठक में जनपद सदस्य योगेश यादव,वरिष्ठ नागरिक पवन राव सोनी ,पुष्प कुमार जैन, सदर इलमन भाई, आहद मिस्किनी, कैलाश साहू, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने कलेक्टर को दिया प्रशंसा पत्र



**पांढुर्ना।** म.प्र. के माननीय राज्यपाल ने कलेक्टर अजय देव शर्मा को प्रशंसा पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि 2023-2024 में कलेक्टर महोदय के लिए 1,69,400 रू. की राशि एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन कलेक्टर महोदय के प्रयास से उल्लेखित सत्र के लिए 1,79,420 रू. की राशि एकत्र हुई। कलेक्टर अजय देव शर्मा के प्रयास से लक्ष्य से अधिक राशि सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में एकत्रित की गई। इसलिए मा. राज्यपाल म.प्र. की ओर से इन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

## धूमधाम से मनाई गई हरियाली तीज



**चौरई।** देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना के लिए नगर के सुंदरकांड ग्रुप की महिलाओं द्वारा संजय निकुंज कॉलोनी में हरियाली तीज का पर्व बड़े धूमधाम और उत्साह से मनाया गया सावन माह में मनाए जाने वाले इस पर्व में महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया उक्त कार्यक्रम में अनीता निर्मलकर दीपा राय प्रमिला चारण वंदना सोनी प्रीति राय सैलू वर्मा नीलू शर्मा सोनम शर्मा माया साहू संगीता राजपूत सोनम साहू सृष्टि शर्मा खनक राय उपस्थित रही।

## आधार में मनाया समावेशी रक्षाबंधन महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में सामाजिक संस्था सक्षम एवं आधार द्वारा समावेशी रक्षाबंधन महोत्सव मनाकर रक्षाबंधन महापर्व की खुशियां मनाई गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक आईपीएस श्रीमती निवेदिता गुप्ता, विशेष अतिथि श्रीमति रेखा धर्म पत्नी शीलेंद्र सिंह कलेक्टर, श्रीमती वर्षा धर्म पत्नी सुधीर जैन एसडीएम छिंदवाड़ा उपस्थित रहीं, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक वरिष्ठ समाज सेवी ने की।जिनका आधार की संचालिका एवं अध्यक्ष श्रीमती सरिता पांडे, सचिव सुमिता पवार, सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीनियर महेश किन्थ, सचिव डॉ. चंद्रकांत विश्वकर्मा सहित दिव्यांग बच्चों ने आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर कविता पराग जैन द्वारा किया गया।सुंदर कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने मंगलाचरण के साथ रक्षाबंधन महापर्व पर स्वागत गीत के साथ नृत्यगान कर सभी का मन मोह लिया, इस अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों ने अतिथियों को राखियां बांधी एवं अतिथियों ने दिव्यांग बच्चों को राखियां बंध कर उन्हें उपहार देकर रक्षाबंधन की खुशियां मनाई।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में समाज सेवियों सहित गणमान्य नागरिकों के साथ विविध संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित हुए जिनका आधार एवं सक्षम ने अभिनंदन किया एवं सभी दिव्यांग बच्चों को अतिथियों ने उपहार देकर स्वल्पाहार कराया। सुंदर आयोजन के लिए सभी अतिथियों ने आधार फाउंडेशन को 80 दिव्यांग बच्चों की सेवा कार्य के लिए कोटिशः साधुवाद दिया ओर सुंदर व्यवस्था एवं देखरेख के लिए शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन पर्व की खुशी में आधार में सेवाएं दे रहे सभी विशेष शिक्षकों सहित स्टाफ को उपहार देकर सम्मानित किया गया।धैर्य पांडे का किया सम्मान - आधार फाउंडेशन में शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे धैर्य पांडे ने बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के बोची बाल खेल में वरिष्ठ श्रेणी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया जिसके लिए अतिथियों ने धैर्य पांडे को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## भाजपा नगर मंडल की बैठक का आयोजन, हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बनाई रणनीति



**चौरई।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें और हर घर में तिरंगा फहराने हेतु जागरूक करेंबैठक में निर्णय लिया गया कि 11 अगस्त से 13 अगस्त के बीच सभी बूथों और शक्ति केंद्रों पर तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। जिसके लिए अलग अलग प्रभारी नियुक्त किए गए और साथ ही 14 अगस्त को नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा भी आयोजित की जाएगी जो कि चौधरी पेट्रोलियम पम्प से लेकर भारत माता चौक तक हो जिसका जगह जगह स्वागत होगा इस अवसर पर पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, शैलेन्द्र बब्लू पटेल, मंडल अध्यक्ष मदन राय, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय ठाकुर, नीलू निर्मलकर, चंद्रभान सोनी, सिरपत नायक,आनंद चौरसिया, आनंद भारद्वाज, रितु चौरसिया, संजय जैन, ईश्वर सिंह चौधरी, सुमित सराठे अनमोल चौधरी, राजवंश ठाकुर, बंटू चौहान हरी राय संजय तिवारी, विनोद पाल सहित सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होपवेव संस्था ने 500 विद्यार्थियों को निशुल्क बांटी शैक्षणिक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



शिक्षा के क्षेत्र में सेवाभाव से कार्य करनेवाली संस्था होपवेव फाउंडेशन ने आज विकासखंड की 3 शासकीय शालाओं के जरूरतमंद छात्र छात्राओं को निशुल्क शैक्षणिक किट प्रदान की। होपवेव संस्था ने आज शा. माशा. गुजरखेडी, शा. एकीकृत तिलक माशा. घनपेठ तथा शा. माशा. उमरीखुर्द में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत 231 छात्र छात्राओं को कॉपियां, पेन, पेंसिल, स्केल, रबर, वाटर बॉटल और अन्य सामग्री की किट प्रदान की गई। इसके पूर्व होपवेव संस्था ने खैरीपैका, रजाडीखापा एवं इंदिरा गांधी शाला पांढुर्ना के 300 से अधिक छात्र छात्राओं को यह किट प्रदान की है।इस अवसर पर अतिथियों के रूप में जयश्री कुंभलकर, सीमा बेन तथा दीपिका बालपांडे मौजूद रही। होपवेव फाउंडेशन की ओर से इस अवसर पर कल्पेश शाह, संजय अग्रवाल, शैलेश शाह, दीपाली शाहमीनाक्षी शाह, जया अग्रवाल, मधु शाह, हीना शाह, भावना मेहता, जिग्ना पटेल, पवन रावल, विन्षी मल्होत्रा, कल्पना रबडे, सोनम पराडकर तथा संध्या कालभोर उपस्थित रही।

## तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा को लेकर बैठक में विस्तार से जानकारी

**जुन्नारदेव।** मंडल अध्यक्ष श्री भूषण (संदीप) सूर्यवंशी जी की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न हुई जिसमे तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई एवं ग्रामीण मंडल जुन्नारदेव के 4 सेक्टर पर 13,14 अगस्त को समस्त ग्रामीण जनों एवम जनप्रतिनिधि के साथ मिलकर निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा बैठक में रहे उपस्थितबैठक में जिला पंचायत सदस्य श्री अरुण परते जी, नवेगांव सरपंच मानक ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री प्रसन्ना नंदवंशी जी, महामन्त्री होरीराम यदुवंशी, राजेश कुशराम, कार्यक्रम सयोंजक श्री चंपालाल सूर्यवंशीसहसंयोजक रामनाथ यदुवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री विजय यदुवंशी सहित महिला मोर्चा एवं मंडल उपाध्यक्ष गण मंत्री गण मंडल कार्यसमिति मंडल मोर्चों के अध्यक्ष गण एवं महामंत्री जनप्रतिनिधि एवं समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में आगामी कार्यक्रम तिरंगा यात्रा एक पेड़ मां के नाम और मन की बात को लेकर भी चर्चा की गई। उपरोप कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री अरुण प्रतिदिन भी संबोधित किया आगामी समय में उपरोक्त सभी कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता और सभी जनमानस को लेकर भव्यता के साथ पूरे जज्बे और जुनून के साथ तिरंगा यात्रा निकालने पर जोर दिया जाए ।

## रक्षाबंधन से पहले गुलजार हुआ राखियों का बाजार

### एक धागे में 9 अगस्त को बंधेगा भाई-बहन का अटूट प्यार

हरिभूमि न्यूज लांजी ।



9 अगस्त को है। यह पर्व भारतीय संस्कृति और भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। 9 अगस्त 2025 को रक्षा बंधन का त्योहार है। इस दिन सावन पूर्णिमा है जिसके साथ श्रावण मास का समापन हो जाएगा। इस रक्षा बंधन के पावन पर्व के लिए बाजार में रंग-बिरंगी राखियां आ गई हैं। भाई-बहन के स्नेह और विश्वास की डोर का प्रतीक इस त्योहार के लिए घर- घर तैयारी शुरू हो गई है। महिलाएं उत्साहपूर्वक चुन-चुनकर अपने भाइयों के लिए राखियां खरीदना शुरू कर दिया है। वंही रक्षाबंधन पर्व को लेकर लांजी नगर के बाजारों व दुकानों में राखियों की दुकानें सजनी शुरू हो गई है। बच्चों के बीच कार्टून वाली राखियां आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इस बार वूडन व टेडी, स्टोन, मोती गुथी राखी, लाइट वाली राखी खासकर बच्चों के लिए आकर्षक बनी हुई है। राजस्थान, कलकत्ता, दिल्ली, अहमदाबाद की प्रचलित राखियां भी दुकानों में हैं। रांची नगर के सुभाष चौक में संचालित रखी दुकान के दुकानदार शेखर कश्यप ने बताया कि अलवा राजस्थान की लंबा राखी, डोरी मोती, स्टोन, गोल्ड, सिल्वर रंग की फैंसी राखियां सूरत गुजरात, मुम्बई और दिल्ली से लाइट वाली व घड़ी कार्टून, फोम सहित विभिन्न प्रकार की कार्टून बनी राखियां व कोलकाता से ऊन वाली राखियों का भी स्टॉक है।

रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में राखियों सहित मिठाई आदि की दुकानें सज गई हैं। इन दुकानों पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। फैंसी राखियां महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई हैं।बाजार में कई तरह की आकर्षक राखियां दुकानों पर उपलब्ध हैं, लेकिन चांदी एवं स्टोन वाली फैंसी राखी महिलाओं को लुभा रही हैं। बच्चे म्यूजिकल आदि राखियों को पसंद कर रहे हैं। ग्रामीण अंचलों के लोग त्योहार को लेकर बाजारों में पहुंचकर खरीदारी करते हुए दिखाई

## श्रावण मास के अवसर पर मंदिरों में हो रहा है सुंदरकांड और अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**वारासिवनी।** वारासिवनी नगर के जैन मोहल्ला स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में सिद्ध प्राचीन स्वयंभू प्राकट्य हनुमानजी महाराज के समक्ष श्रावण मास में प्रतिदिन सामूहिक संगीतमय सुंदर कांड पाठ श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा हैं। श्रवण मास के विश्राम पर 5 अगस्त से 6 अगस्त तक राम चरित मानस सामूहिक पाठ भक्तों द्वारा रखा गया। जिसकी पूर्णाहुति हवन 8 अगस्त को होगा। उसके बाद भंडारा महाप्रसाद भक्तों द्वारा वितरित किया जावेगा। सभी भक्तगण सिद्ध प्राचीन स्वयं भू प्राकट्य हनुमानजी महाराज एवं लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा प्राप्त करे। इस अवसर पर श्रद्धालु नीरज वर्मा ने बताया कि लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान हनुमान जी की प्रतिमा हैं। यह सब प्राकृतिक प्रतिमा हैं, यहां पर पहले एक नीम का पेड़ था, बाद में रूसिया समाज के सहयोग से यह मंदिर निर्माण कराया गया।

## बुदबुदा में हर घर फहरायेगा तिरंगा : भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने किया निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम बुदबुदा गांव में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा मंडल की एक बैठक भाजपा नेता नरेंद्र सिंह बिसेन के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश पटेल व नरेंद्र सिंह बिसेन ने अभियान को राष्ट्र प्रेम का प्रतीक बताते हुए सभी भाजपा बूथ अध्यक्षों से अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और सरल ऐप पर फोटो अपलोड करने का आग्रह किया।

बैठक के बाद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुदबुदा से नदी टोला को जोडऩे वाले निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। नेताओं ने इस पुल को लालबर्रा, कटंगी और वारासिवनी के बीच की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। निरीक्षण के दौरान वेद प्रकाश पटेल ने पुल निर्माण की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

विदित हो कि बुदबुदा से नदी टोला के बीच बनने वाले पुल के लिए ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रयास किए गए थे। ग्रामीणों ने बालाघाट सेतु निगम और अन्य जगहों पर जाकर प्रयास किया और पुल का अनुमानित बजट स्टीमेट तैयार करवाया था। जिसे शासन द्वारा स्वीकृत कर पूरक बजट में शामिल किया गया था। जिसके बाद इस पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ हैं, जो शीघ्र ही पूर्ण हो जायेगा। यह पुल न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र में व्यापार और कृषि को भी बढ़ावा देगा। इस पुल के बन जाने से लालबर्रा, कटंगी और वारासिवनी के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी, जिससे लोगों का समय और ईंधन दोनों बचेगा।

मंडल अध्यक्ष श्री पटेल ने उम्मीद जताई कि यह पुल जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा और क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर श्रीमती शर्मिला बिसेन पूर्व सरपंच, सैयद नियाज अली, विजय सहारे सरपंच नांदगांव, प्रशांत बिसेन, विमल रहांगडाले, भीम वासनिक, आसाराम कावरे पूर्व सरपंच, नितिन नागेश्वर, ईश्वरी गौतम, गिरधारी कावरे, गेंदलाल बर्मन, शंकर लाल इनवाती, नितेश राणा, चैन सिंह जैतवार, हरिश्चंद्र शरणागत आदि भाजपा के कार्यकर्ता

## श्रीरामदेव बाबा मंदिर में चल रहा सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ

**वारासिवनी।** नगर के लालबर्रा रोड स्थित वारासिवनी रामदेव बाबा मंदिर में श्रावण मास के अवसर पर रोज सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का आयोजन किया जा रहा है। जो भक्तों के लिए आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर में बाबा रामदेव जी प्रतिमा पर श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करते हैं और सुंदर कांड के माध्यम से भगवान की भक्ति में लीन होते हैं।
वारासिवनी रामदेव बाबा मंदिर आध्यात्मिक महत्व का केंद्र हैं, जहां भक्त अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती हैं। इस अवसर पर आशीष राठौर ने बताया कि लगभग 11 वर्षों से श्रावण मास में पूरे महीने सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का पाठन किया जाता हैं। हम नगर के भक्तों से अपील करते हैं कि अधिक से अधिक संख्या में आकर सुंदर कांड पाठ का लाभ लेंवे।

## तिरोड़ी में प्रौढ़ की पेड़ से नीचे गिरकर हुई मौत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मायॅल नगरी तिरोड़ी में एरिगेशन कॉलोनी के ठीक पीछे के जंगल में बकरी का चारा और लकड़ी (खखरी) के लिए गए एक प्रौढ़ की महुए के पेड़ से नीचे गिरकर मौत होने का अनुमान लगाया गया है. गुरूवार की शाम 04 बजे जंगल में मवेशी चराने गए एक चरवाहे ने मृतक जोशी परते को पेड़ के नीचे अचेत अवस्था में देखा और गांव पहुंचकर ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर शव को बरामद कर लिया है. मिली जानकारी अनुसार बाजार चौक तिरोड़ी जोशी परते गुरूवार की सुबह करीब 08 बजे अपने घर से बाड़ी बनाने के लिए खखरी और बकरियों के लिए चारा यानी पेड़ की टहनियां लाने के लिए जंगल गया था. चूंकि जोशी परते के घर में केवल पति-पत्नी ही है तो ऐसे में पत्नी ने भी पति के समय पर घर नहीं आने को उतना अधिक गंभीरता से नहीं लिया. लेकिन शाम जब गांव के अन्य चरवाहे मवेशी चराने जंगल की तरफ गए तो वहां उन्होंने महुए के पेड़ के नीचे जोशी परते का शव देखा. पेड़ के पास में ही साइकिल खड़ी थी जिसमें कुछ खखरी बंधी थी. पेड़ के नीचे शव मिलने की वजह से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पेड़ से गिरकर ही जोशी परते की मौत हुई होगी. फिलहाल, पीएम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही जोशी परते की मौत के सही कारण का पता चलेगा. पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है. हादसे की सूचना मिलने पर जनपद सदस्य ओम सिंह परते भी घटनास्थल पर पहुंचे थे. जिन्होंने घटना पर दुःख व्यक्त किया है।

## सोशल मीडिया से कभी कभी नकारात्मक विचार भी मन में जन्म लेते हैं- एसडीएम कार्तिकेय

# सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय स्कूल में 3 दिवसीय मेधा योगा शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में 4 अगस्त से प्रारंभ तीन दिवसीय मेधा योगा कार्यक्रम का समापन बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी कार्तिकेय जायसवाल एवं वारासिवनी नगर की आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के पदाधिकारियों राकेश सोनी, डॉ लोकचंद ठाकरे, प्रदीप श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। इस मेधा योगा कार्यक्रम में संयोजक राजेश सोनेकर एवं छिंदवाड़ा जिले से उपस्थित श्रीमती श्वेता चड्ढा प्रस्तुतकर्ता अधिकारी ने विद्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एसडीएम श्री जायसवाल द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। संस्था के प्राचार्य हुमराज पटले व अन्य शिक्षकों द्वारा उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर स्मृति चिन्ह स्वरूप गीता भेंट की गई। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अच्छी सुविधा मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पहले शासकीय स्कूल की कल्पना टूटती हुई छत, रिसती हुई छत, बैठक व्यवस्था की कमी सहित अन्य कमियों से की जाती थी। कही-कहीं तो स्कूलों तक पहुँचना भी मुश्किल हुआ करता था। कई प्रकार की समस्यायें होती थी। लेकिन वर्तमान समय में स्कूल की परिकल्पना बदल गई हैं। अब स्कूलों में विद्यार्थियों को सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा हैं। यहॉं की व्यवस्था व शिक्षण प्रणाली को देखकर मेरे मन को संतोष मिला हैं। यहॉं अच्छी तरह से पढ़ाई हो रही हैं, बच्चे अध्ययन पर ध्यान दे रहे हैं, उन्हें विभिन्न गतिविधियॉं सिखाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जीवन के लिए पढ़ाई आवश्यक हैं, लेकिन पढाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियॉं भी बेहद आवश्यक हैं। इस स्कूल में खेलकूद, पेंटिंग, संगीत, नृत्य आदि के शिक्षक हैं और वह बच्चों को शिक्षा भी प्रदान कर रहे हैं। हम इन क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी 10 वीं व 12 वीं के विद्यार्थी हैं, जो सोशल मीडिया के संपर्क में भी रहते हैं। सोशल मीडिया से कभी कभी नकारात्मक विचार भी मन में जन्म लेते हैं, जिससे तनाव पैदा होता हैं और पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता हैं। इसीलिए आप लोग सोशल मीडिया से अच्छी जानकारियों को ही ग्रहण करे, जिससे आपको ज्ञान प्राप्त हो सके और आप जीवन में आगे बढ़ सके।

## ग्राम महदुली की घटनाः 14 वर्षीय बालक की मौत, सदमे में परिवार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



स्कूल से अपने घर लौट रहे एक 14 वर्षीय छात्र की कथित तौर पर साइलेंट अटैक की वजह से मौत हो गई. बालक की मौत से पूरा परिवार सदमे में है और गांव में मातम छाया हुआ है. घटना बुधवार की शाम सवा पांच बजे के आस-पास की है. मिली जानकारी अनुसार महदुली निवासी अनिल पटले के पुत्र अतुल पटले की कथित तौर पर साइलेंट अटैक की वजह से मौत हो गई. जैसा कि बताया जा रहा है अतुल अपने कुछ दोस्तों के साथ बुधवार की शाम 05 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद टेकाड़ी हाईस्कूल से अपने घर महदुली की तरफ साइकिल से लौट रहा था अचानक से वह साइकिल से खेत में गिर गया. जिसे राहगीरों ने घर पहुंचाया. एक स्थानीय चिकित्सक ने अतुल की मौत की पुष्टि की. अनुमान लगाया जा रहा था कि परिवार गुरुवार की सुबह मृत बालक की मौत का कारण जानने के लिए पीएम करवाएंगा लेकिन बालक का पीएम नहीं हो पाया. जिस कारण अधिकारिक तौर बालक की मौत की पुष्टि नहीं हो पाई केवल साइलेंट अटैक से मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा है. स्कली छात्र के मौत के बाद गुरूवार को टेकाड़ी स्कूल में भी मातम छाया रहा. बालक अतुल इसी स्कूल में कक्षा 09 वीं में शिक्षा अर्जित करता था।

**खबर संक्षेप**

## 15 अगस्त को रहेगा शुष्क दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24 के अंतर्गत दिनांक 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) को संपूर्ण सिवनी जिले में एक दिवस का ₹शुष्क दिवस₹ घोषित किया गया है। इस दिन सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल.-3(ए) तथा आर.एल.-1 श्रेणी की होटल/रेस्टोरेंट और देशी/विदेशी मद्य भंडारण व विक्रय स्थल पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। इस अवधि में मद्य का विक्रय, प्रदाय एवं परिवहन पूरी तरह निषिद्ध रहेगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 अगस्त को करेंगे राहत राशि का वितरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश में हाल ही में आई भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित नागरिकों के लिए राहत की बड़ी पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 8 अगस्त 2025 को सुबह 11:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों में आपदा पीड़ितों को राहत राशि का वितरण करेंगे।राहत वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राज्य के सभी जिलों के **NIC** केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वे कार्यक्रम स्थल पर संबंधित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा संकट प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। राज्य सरकार ने विशेष रूप से उन जिलों में कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं जो आपदाओं से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण **https:/ /webcast.gov.in/mp/cmevents/hi** लिंक पर देखा जा सकता है।

# बकरी चोर चढ़े पलारी चौकी पुलिस के हत्थे

**सिवनी जिले के केवलारी थाना अंतर्गत पलारी चौकी के पिपरिया कला ग्राम के पास इनोवा कार में चोरी की बकरियों की तस्करी की जा रही थी। गुरुवार को पुलिस ने दबिश देकर 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की 5 बकरियां और कार बरामद की गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




पलारी चौकी प्रभारी सुनील मरावी ने बताया कि जिले में असुबह 3 से 4 बजे के बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पिपरिया कला में एक संदिग्ध कार खड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने इनोवा कार (एमपी 20 एमएम 5555) में पांच लोगों को बैठे हुए पाया। कार में पीछे पांच बकरियां भरी हुई थीं। पूछताछ में आरोपियों ने बकरियों की चोरी करना स्वीकार किया।

### बकरी सहित पांच लाख का सामान हुआ जब्त

गिरफ्तार आरोपियों में अक्षय रजक (29), विनायक भारद्वाज (20), नितिन वागले (20), राहुल मालवीय (27) और विशाल रजक (22) शामिल हैं। सभी आरोपी सिवनी जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिकता सुरक्षा संहिता और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जब्त सामग्री में 5 लाख रुपए की इनोवा कार, 25 हजार रुपए की पांच बकरियां और 60 हजार रुपए के तीन एंड्रॉइड मोबाइल शामिल हैं। कुल जब्त सामग्री की कीमत 5 लाख

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला मुख्यालय में नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय प्रारंभ कराये जाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी जिला मुख्यालय में (जिला सिवनी एवं बालाघाट के लिए) एक पृथक से नगर एवं ग्राम निवेश (टी एंड सी.पी.) कार्यालय प्रारंभ (संचालित) कराये जाने मांग विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा सदन मे शून्यकाल के दौरान की गयी।**

मध्यप्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के शून्यकाल मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने अध्यक्ष को संबोधित हुए कहा कि सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा एवं पाण्डुर्णा जिलों के लिए नंगर एवं ग्राम निवेश (टी.एंड सी.पी.) का कार्यालय वर्तमान में छिंदवाड़ा में स्थित है। सिवनी एवं बालाघाट जिलेवासियों को उक्त कार्यालय से संबंधित कार्यों के लिए अधिक दूरी तय कर छिंदवाड़ा आना-जाना पड़ता है, जिससे आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आगे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने सदन मे कहा कि छिंदवाड़ा में स्थित नगर एवं ग्राम निवेश (टी.एंड सी.पी.) कार्यालय में चार जिलों का कार्य होता है, जिससे अनेकों बार कार्य में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है और सिवनी एवं बालाघाट जिलेवासियों को छिंदवाड़ा आने-जाने में कठिनाईयों के साथ ही आर्थिक परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। सिवनी जिला मुख्यालय जबलपुर-नागपुर के मध्य स्थित होने एवं भौगोलिक दृष्टि से उपयुक्त है। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सदन के माध्यम से इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि सिवनी जिला मुख्यालय में (जिला सिवनी एवं बालाघाट के लिए) एक पृथक से नगर एवं ग्राम निवेश (टी एंड सी.पी.) कार्यालय प्रारंभ (संचालित) कराये जाने हेतु आग्रह करता हूँ।

# तहसीलदार ने विद्यालय का किया निरीक्षण 14 शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला कलेक्टर संस्कृति जैन द्वारा शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से समुचे सिवनी जिले में शैक्षणिक संस्थाओं का औचक निरीक्षण किए जाने हेतु शिक्षा विभाग समेत राजस्व अधिकारियों को भी शालाओं के औचक निरीक्षण करने हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए इसी क्रम में विगत दिनों गैर न्यायिक तहसीलदार डी एल परते ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कहानी का औचक निरीक्षण किया और शाला लगने के समय 10.30 बजे होने के बाद भी विद्यालय के अनेकों नियमित और अतिथि शिक्षक विद्यालय लगने के समय के बाद भी समय 11.20 पर भी अनुपस्थित पाए गए जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कहानी के लगभग 14 नियमित एवं अतिथि शिक्षकों को तहसीलदार डी एल परते ने के निरीक्षण की कार्रवाई के उपरांत अनुविभागीय दंड अधिकारी ह्यस्त्रद्व विशन सिंह के दिशा निर्देश पर घंसौर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रसेन दीक्षित ने कार्यवाही करते हुए अनुपस्थित पाए गए सभी 14 शिक्षकों की 1 दिन की वेतन काटने की कार्रवाई की गई और अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिससे समूचे शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों एवं में एवं छात्र-छात्राओं की भविष्य खिलवाड़ करने वाले शिक्षकों पर हडक्रंप मचा हुआ।

# जय बड़ादेव स्वसहायता समूह के द्वारा बच्चों के मुंह का छीना जा निवाला

**धनौरा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरपानी में जय बड़ादेव स्वसहायता समूह के द्वारा बच्चों के मुंह का निवाला छीना जा रहा है हम बात कर रहे है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




प्राथमिक शाला उमरपानी ,माध्यमिक शाला उमर पानी के मध्यान भोजन की जिसका संचालन जय बड़ा दो सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है जिसमें बच्चों के नाम पर खाने का सिर्फ नाम मात्र है।

जिसमें जय बड़ा देवता सहायता समूह के द्वारा बच्चों को मध्यान भोजन में सिर्फ दाल चावल ही खिलाया जाता जिसमें दाल कम पानी ज्यादा होता है, और रोटी तो कभी बनाई ही नहीं जाती इसके बारे में प्राथमिक शाला उमरपानी के प्रधान पाठक से चर्चा हुई तो उन्होंने बताया कि इसके बारे में पूर्व में ही हमने बीआरसी महोदय को मौखिक एवं लिखित शिकायत की है लेकिन फिर भी इसमें कोई कार्यवाही नहीं होती जब इसके बाद हम एमडीएम प्रभारी घनश्याम उईके से बात हुई तो उनका कहना है हमारे द्वारा इसकी कार्यवाही की जा चुकी है जिले से ही इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। दरअसल बात यह है कि प्राथमिक शाला उमरपानी एवं माध्यमिक शाला उमरपानी में मध्यान्ह भोजन संचालित करने का जय बड़ा देव स्वा सहायता समूह का सिर्फ नाम मात्र है लेकिन उसका संचालन वहां के सरपंच सुरेश मर्सकोले करते हैं जिसके कारण वहां पर कोई कार्यवाही नहीं होती है, जब इसके बारे में ग्राम पंचायत सरपंच सुरेश से बात हुई तो उनके द्वारा बोला गया कि तीन माह से वेतन नहीं हो रहा है हम कैसे चलाए और कैसे अच्छा खाना खिलाये!

**इनका कहना है**

पहले भी एमडीएम की गुणवत्ता को लेकर शिकायत बीआरसी महोदय से की गई है।

**प्रधान पाठक कमला शाक्यवार**

विगत 3 माह से वेतन ना आने के कारण ऐसी स्थिति बन रही है

**सरपंच**

इसकी शिकायत मिली थी मुझे मेरे द्वारा जाँच की गई थी जिसमे गुडवत्ताहीन भोजन पाया गया था जिसका पंचनामा बनाकर जिला स्तर पर भेजा गया था।

**एमडीएम प्रभारी घनश्याम उईके**

# सिवनी में परिजन को बिना बताये तिलवारा (जबलपुर) से घंसौर पहुँचा 10 वर्षीय बालक, डायल-112/100 जवानों ने परिजन से मिलाया

**सिवनी के थाना घंसौर क्षेत्र में मूड़ापार गाँव में राम मंदिर के पास एक 10 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 06-08-2025 को प्राप्त हुई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सूचना प्राप्ति पर तत्काल घंसौर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक शैलेन्द्र गर्दे एवं पायलेट दीपेश वर्मन ने मौके पर पहुँचकर बालक को संरक्षण में लिया। डायल-112/100 जवानों ने जानकारी लेने पर बालक ने बताया कि तिलवारा (जबलपुर) का रहने वाला हूँ ट्रेन में बैठकर आ गया हूँ, बालक को परिजन का संपर्क नंबर की जानकारी नहीं थी। बालक से पिता का नाम लेकर पुलिस स्टाफ द्वारा तिलवारा डायल-112/100 पुलिस स्टाफ से संपर्क किया। तिलवारा एफआरव्ही स्टाफ ने स्थानीय स्तर पर संपर्क कर परिजन की जानकारी प्राप्त कर उन्हें बालक के बारे में जानकारी दी, परिजन को घंसौर थाने बुलाया गया । डायल-112/100 स्टाफ बालक को घंसौर थाने लेकर आए। बालक के परिजन तिलवारा से आ जाने के बाद बालक द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत बालक नील श्रीवास पिता गुड्डु श्रीवास निवासी क्रेशर बस्ती तिलवारा (जबलपुर) को परिजन के सुपुर्द किया गया। बालक को सकुशल मिलाने के लिए परिजन ने डायल 112/100 जवानों का आभार व्यक्त किया ।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

**सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं छात्र-छात्राओं द्वारा आज दिनांक 7 अगस्त 2025 को विश्व स्तनपान सप्ताह पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग से श्रीमती अफसाना अंजुम द्वारा पोषण प्रबंधन में मां का दूध सर्वश्रेष्ठ आहार विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया श्रीमती अफसाना अंजुम द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया गया है कि मां का दूध गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ आहार होता है विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ भी इन स्तनपान प्रथाओं की सिफारिश करते हैं ऐसा कहा जाता है कि जीवन के प्रथम 6 माह तक विशेष स्तनपान कराया जाना चाहिए और शिशुओं के स्तनपान को 2 वर्ष की उम्र और उसके बाद तक जारी रखना चाहिए। प्रथम दिवस पर मां का दूध नवजात के लिए बहुत ही उपयोगी एवं पौष्टिक होता है यह खसरे जैसे सामान्यतः होने वाले संक्रमणों से बचाने वाले तत्वों से भरपूर होता है । मां का पहले दिन का दूध किसी टीके से कम नहीं होता। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई प्रो रंजीता कमलेश /छात्र इकाई प्रो गनेश कुमार मंतारे एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन है अद्भुत पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्यप्रदेश में महासमाधिधारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज, परम पूज्य मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में एवं ब्रह्मचारी मनोज भैयाजी ललितपुर के निर्देशन में 7 अगस्त 2025 को प्रातः काल की बेला में रक्षाबंधन महोत्सव के प्रथम चरण के अंतर्गत अभिषेक शांतिधारा, ध्वजारोहण, रक्षाबंधन विधान के 200 अर्घ समर्पित किए गए, आरती की गई, संगीत के साथ भक्ति की गई,मांगलिक क्रियाएं की गई ।इस बार 108 बहने राखी बांधेंगी, 1008 फिट की राखी प्रभु को अर्पण की जाएगी,

इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए, हिंसा को मिटाने के लिए अहिंसा का प्रचार आवश्यक है, जहां पर धर्म पालन करने की स्वतंत्रता हो उसका नाम भारत है ,सबकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है, हमारे वीर सपूतों ने अपनी जान की कुर्बानी दे करके हमारे देश की रक्षा की है,धर्म के नारों तक ही सीमित नहीं रखना है, उसके जय घोष को प्रत्येक व्यक्ति के जीवन तक पहुंचाना है ,अपने हृदय में एक क्रांति लाने की आवश्यकता है, आज सभी निष्क्रिय होते जा रहे हैं ,भारतीय संस्कृति अपने आप में गौरवशाली है, संस्कारों से ही संस्कृति का निर्माण होता है ,वही संस्कृति आगे आने वाली पीढ़ी के लिए संस्कार उत्पन्न करने वाली बन जाती है, देश की संस्कृति का ढांचा डगमगाने लग जाता है यदि संस्कृति विकलांग होती है, आज बालिकाओं की सुरक्षा जरूरी है, रक्षाबंधन पर्व अद्भुत पर्व है, यह प्रभु भक्ति का पर्व है गिरते हुए नैतिक मूल्यों की पुनःप्रतिष्ठा करने का यह पर्व है, यह राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए है।

# मातृधाम रेल्वे स्टॉपेज की 20वीं वर्षगाँठ एवं 21वां महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गत दिवस किसान संघर्ष समिति के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मातृधाम रेल्वे स्टॉपेज की 20वी वर्ष गाँठ एवं 21वा महोत्सव बड़ी धूम धाम के साथ मनाया गया।सुबह 8.30बजे छिंदवाड़ा से नैनपुन गाड़ी संख्या 58823 की विधि अनुरूप पूजा की तोरण स्टीगर लगाए गये एवं यात्रियों को प्रसाद वितरण किया गया इसके उपरांत रेल के चालक पंकज शर्मा,परिचालक नितिन चौरसिया, रेल गार्ड एस के दुबे साथ ही ए एस सीडामे ए एस आई आर। पी एफ,पी के धुर्वे आर पी एफ,डी एस स्पेशल ब्रांच,एवं डा राजकुमार सनोडिया आदि का श्री धरमवीर अजित तिवारी जी मातृधाम मंदिर प्रभारी के द्वारा पुष्प माला तिलक वंदन प्रसाद पैकेट एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया एवं स्टॉपेज से रेल की विदाई की तदुपरांत दोपहर 2बजे के बाद श्री रामजानकी मंदिर में विविध कार्यक्रम में पहुंचे रमेश मासाब कुर्मी समाज के जिला अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में उत्कृष्ट कार्य करने वालों में सर्व प्रथम सुश्री डेनी जैन शा उ मा विध्यालय हथनापुर, वीरसिंह उइके सहायक शिक्षक पिपरिया, मोहन चंदेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सिवनी, संजय जैन राज एक्सप्रेस सिवनी, मो.जवाज खान स्वतंत्र समय सिवनी,नरेन्द्र सोनी ,विनोद दुबे।

इन सभी महानुभावों का पुष्प माला प्रतीक चिन्ह,अंगवस्त्र भेंट कर उपस्थित मंचाशीन अतिथियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सर्व श्री , ददुआ पटेल समाजसेवक राष्ट्रीय कार्य समिति, गोपाल प्रसाद सनोडिया पूर्व अध्यक्ष कुर्मी समाज,रामनंदन पटेल, भूरेलाल सनोडिया, गयाप्रसाद सनोडिया,देवेंद्र सरवैया, रामनंदन मासाब,विष्णु सनोडिया, रामभरोस पटेल,परसराम सनोडिया, दीपचंद सनोडिया,पवन सनोडिया, तीरथ प्रसाद सनोडिया, बीरसा भैया,महेश पटेल,हेमराज जी श्री रामजानकी मंदिर के पुजारी,श्री मति नान्ही बाई, श्री मति सीता देवी, श्री मति पूनम सनोडिया, श्री मति संतोषी सनोडिया, आशू सनोडिया, प्रकाश पटेल,शुभम बंदेवार,धनराज सनोडिया, रामसरूप सनोडिया, विसनदयाल सनोडिया, मदन जंघेला,गया प्रसाद जंघेला, चमरु सेन,राजा सनोडिया, प्रद्युमकुमार, सुभम सनोडिया, नूरसिंग सनोडिया सहित अनेक लोगों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# वेद पूजन व तिलक करण का कार्यक्रम संपन्न

संस्कृत सप्ताहान्तर्गत संस्कृत भारती सिवनी द्वारा शासकीय हाई स्कूल चांवड़ी में वेद पूजन व तिलक करण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम सरस्वती पूजन से हुआ एवं विद्यालय की छात्राओं अनामिका कुशवाहा, लक्ष्मी बघेल एवं रश्मि यादव द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व एमएलबी प्राचार्य व संस्कृत भारती जिला संरक्षक श्री दुर्गाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि यदि हमें हमारे गौरवशाली इतिहास के विषय में जानना है तो हमें संस्कृत भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है।



संस्कृत हमारे लिए बहुत अधिक उपयोगी है। संस्कृत हमारी संस्कृति की जड़ है। उन्होंने संस्कृत की वैज्ञानिकता से विभिन्न उदाहरणों द्वारा उपस्थित जनों को अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृत भारती विभाग संयोजक एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है। संस्कृत में ही हमारे सभी धर्म ग्रंथो की रचना हुई है। उन्होंने कहा कि संस्कृत में ही चारों वेदों की रचना हुई है, जो ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद व अथर्ववेद के रूप में उपलब्ध हैं। उन्होंने वेदों के विषय में बहुत ही विस्तार से उपस्थित जनों को अवगत कराया और वेदों की वैज्ञानिकता से भी परिचय परिचित कराया।

उन्होंने संस्कृत भारती की ओर से सभी को संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं प्रेषित की, और सभी से निवेदन किया की संपूर्ण सप्ताह में संस्कृत सप्ताहानुसार दी गई गतिविधियों को अपने विद्यालय में अवश्य पूर्ण करने का प्रयत्न करें। कार्यक्रम को विद्यालय के शिक्षक श्री हेमंत पटले ने भी संबोधित किया। अंत में समापन वक्तव्य एवं आभार प्रदर्शन संस्था प्राचार्य श्री राजेंद्र राहंगढाले ने किया। कार्यक्रम में संस्कृत भारती जिला मंत्री श्री ताराचंद मिश्रा, शिक्षक हीरालाल सनोडिया, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका व विद्यालय के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

# लाल माटी क्षेत्र के किसानों के साथ हुआ फिर छलावा-सनोडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

लाल माटी क्षेत्र के किसानों के साथ हुआ फिर छलावा, लाल माटी क्षेत्र जो की बोरदई छतरपुर से होते हुए सुकवाहा, जमुनिया, गोपालगंज, कटंगी, थरेली गोबरबेली, मोहगांव, मरझोर, कतरवाड़ा तक जाता है इस क्षेत्र में खेती ही एकमात्र जीवन यापन का साधन है। इस क्षेत्र का किसान बहुत मेहनती है बड़ी बात यह है की, क्षेत्र में युवाओं ने खेती को आजीविका का साधन बनाकर नई तकनीक एवं बड़ी लागत लगाकर खेती कर रहे हैं युवाओं ने नौकरी की तलाश में शहरों में पलायन ना कर खेती को ही सबसे अच्छा विकल्प के रूप में चुनकर आधुनिक खेती की है जो की खेती जो की पूरे देश की आर्थिक स्थिति का मूल आधार है जिसे अर्थशास्त्र में कहा गया था कि भारतीय खेती मानसून का जुआ है किंतु हमारे देश की सरकार ने कृषि क्रांति लाकर बहुत हद तक खेतों तक पानी पहुंचने के लिए नेहरू की व्यवस्था कर दी जिसमें किसान आत्मनिर्भर बनने लगा

गोपालगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र सनोडिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि सन 2013 में हमारे क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ रहे विधायक प्रत्याशी मुनमुन राय ने जब यह देखा कि इस क्षेत्र के किसान मेहनती हैं ईमानदार है भोले भाले हैं तो इन्हें एक दिव्य सपना दिखाकर वोट हासिल किया जा सकता है। इसके पहले सिवनी विधानसभा से लडऩे वाले दोनों राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी ऐसे कोई बड़े झूठ का सहारा लेकर चुनावी मैदान पर नहीं उतरते थे, ताकि चुनाव के बाद उन्हें मुंह छुपा कर भागना ना पड़े लेकिन मुनमुन राय ने तो अपने चुनावी घोषणा पत्र पर चुनावी वादो की झडी लगा दी उन्होंने इतना बड़ा चुनावी जुमला वाला घोषणा पत्र तैयार कर जारी किया कि, जिसे वे आज भी देखते होंगे तो खुद शर्मिंदा होते होंगे।

उन्हें क्या पता कि लोगों ने उन्हें विधानसभा का उम्मीदवार नहीं बल्कि क्षेत्र में किसानों के खेत में पानी लाने वाले भागीरथी समझ कर खूब भर.भर कर वोट किया। जिसके परिणाम स्वरुप मुनमुन राय विधायक बन गए, अपना पहला कार्यकाल तो उन्होंने यह कहकर निकाल दिए कि मैं निर्दलीय विधायक हूं मेरी भाजपा सरकार नहीं सुन रही, मुझे एक अवसर और प्रदान करे, मैं शेर घाई जिंदगी जीने वाला मजबूरी में क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा ज्वाइन कर रहा हूं तब भी लोगों ने जात.पात और क्षेत्रीय से हटकर लाल माटी में पानी की चाहत में पानी की चाह में क्षेत्र के लोगों ने मुनमुन राय को एक तरफा वोटिंग कर चुनाव जिताया लेकिन जिनके मन में किसानों के प्रति संवेदना ना हो वह भला अपने वादों को क्या याद रखें 5 साल मुनमुनराय ने फिर लाल माटी में अपने पैसों से सर्वे करने का झुनझुना देकर विधानसभा में प्रश्न लगाकर अपना पल्ला झाड़ लिया हद तो तब हो गई जब लाल माटी क्षेत्र के किसानों ने पानी की मांग को लेकर आंदोलन किया तब भी मुनमुन राय ने अधिकारियों को आगे कर खुद को बचा लिया और फिर झूठे वादे कर डाले हद तो तब हो गई चुनाव जीतने के बाद आंदोलन रथ किसानों की ट्रैक्टर राजनीतिक दबाव डाल कर थाने बुलाया गया और किसानों पर फर्जी मुकदमे थोपे गए, जितेन्द्र सनोडिया ने कहा कि आज के आधुनिक युग में भारत मंगलयान भेज रहा है अंतरिक्ष मे आदमी भेज रहा है तो क्या भाजपा सरकार लालमाटी क्षेत्र में पानी नही पंहुचा सकती, सिंचाई मंत्री द्वारा जिस तरह से लालमाटी क्षेत्र के लिए बयान दिया गया है वह बयान बहुत ही हास्याष्पद है कुल मिलाकर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार लालमाटी क्षेत्र में पानी देना ही नही चाहती, हर चुनाव में लालमाटी क्षेत्र के लोगो को झूठ बोलकर वोट लेना चाहती है लेकिन अब यह झूठ ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगा, लालमाटी क्षेत्र के लोगो में भाजपा सरकार और सिवनी विधायक दिनेश मुनमुन राय को लेकर काफी आक्रोश है जिसका खामियाजा आने वाले चुनावों में भुगतना होगा।

### हर जगह मध्य प्रदेश में विश्व आदिवासी दिवस मनाइए

**सिवनी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 अगस्त को पूरे विश्व में मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया जावे यह दिवस आदिवासियों के विकास उनके उत्थान उनके कुपोषण उनके रोजगार उनके आवास उनकी शिक्षा आदि सामग्र विकास को देखते हुए मनाया जावे यह आवाहन आदिवासी महासभा के प्रांत उपाध्यक्ष डीडी वासनिक तथा जिला अध्यक्ष पुनाराम कुमरे सहित पीआर इनवाती एस आर धुर्वे आई एल मसराम डॉ बी सी ओके सुरेश सरियाम राहुल भैया यीशु प्रकाश एडवोकेट विकास बौद्ध मंजू ककोड़िया एससी मसराम भूलन सिंह इनवाती बाबू दास वासनिक इंद्रु लाल मरावी बीपत लाल कोरचे शुक्ल विश्वकर्मा आदि ने आम जनता से आवाहन किया है कि पूरे प्रदेश सहित जिले के अन्य स्थानों में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जावे इसी प्रकार मानवता के खिलाफ अमेरिका द्वारा अणुबम गिराकर मानवता के खिलाफ कार्य करने वालों की घोर निंदा की जावे और 9 अगस्त को अंग्रेजों भारत छोड़ो के वीरों को भी याद कर श्रद्धांजलि दी जावे तथा बहादुर आदिवासियों के जंगल सत्याग्रह तुरिया खवासा के शहीदों को याद किया जावे ।

# डुण्डासिवनी में मिले अज्ञात शव की हुयी शिनाख्त

दिनांक 05/08/2025 को थाना डुण्डासिवनी के ग्राम भुरकलखापा के पास एक पेड मे अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त हुयी थी जो सूचना पर थाना प्रभारी व्दारा तत्काल कार्यवाही करते हुए, मौके पर पहुंच कर देखने पर एक व्यक्ति पलाश के पेड की डाल में गमछे से फांसी का फंदा बना कर लटका हुआ था जो शव पुराना हो जाने से चेहरा खराब हो गया था जिससे मृतक कि तत्काल पहचान नही हुयी थी जिस पर थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही करते हुए मर्ग क्रमांक 44/2025 कायम कर जांच में लिया गया शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया, के माध्यम से प्रिंट मीडिया, इंस्टा वाटस्एप, फेसबुक अन्य माध्यम से मृतक के का हुलिया एवं पहने हुए कपडे के संबध मे जानकारी का प्रचार प्रसार किया गया। आज दिनांक 06/08/25 को सोशल मीडिया पर जानकारी मिलने के बाद ग्राम सिरौली थाना केवलारी निवासी शंकर सैयाम पिता केशराम सैयाम व्दारा अज्ञात मृतक पुरुष की पहचान लक्ष्मण सैयाम पिता बजारी सैयाम उम्र 60 वर्ष निवासी सिरौली थाना केवलारी के रुप में की गयी जिन्होने बताया की मृतक लक्ष्मण सैयाम के माता पिता की मृत्यु बचपन में ही हो गयी थी मृतक 3 वर्ष से लकवा की बीमारी से ग्रसित था परेशान रहता था मृतक कि शादी के कुछ दिन बाद ही पत्नि की मृत्यु हो गयी थी मृतक कि कोई संतान नहीं थी अपनी मौसी के पास रहकर अपना जीवन यापन करता था दिनांक 01/08/25 को घर से केवलारी बाल बनवाने जाने कह कर निकला था तब से घर वापस नही आया था जो मृतक की मौसेरी बहन शारदा सैयाम ने थाना केवलारी में गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराया था जिस पर थाना केवलारी मे गुमइंसान क्रंमाक 62/25 दर्ज किया गया था। शव शिनाख्ती के बाद आगे की कार्यवाही जारी है।

हरिभूमि
सतपुड़ा भूमि
[ तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा ]
जबलपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025
login : www.haribhoomi.com


### पुलिस को देखकर आरोपी कटंगटोला के पास सेंट्रो कार छोड़कर भागा ड्राइवर

# रामपायली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई : 2.40 लाख रुपए की 34 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत रामपायली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक सेंट्रो कार से 2 लाख 40 हजार रुपए कीमत की 34 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है।

रामपायली थाना प्रभारी दिलीप मौर्य के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना पर रामपायली बस स्टैंड पर वाहनों की जांच की जा रही थी।

जांच के दौरान खैरलांजी से वारासिवनी की ओर आती एक संदिग्ध सेंट्रो कार (नंबर सीजी 07 एमए 2634) दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने कार को तेज रफ्तार से भगा दिया। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी कटंगटोला के पास पेट्रोल पंप के निकट कार छोड़कर फरार हो गए।

कार की तलाशी लेने पर पुलिस को 34 पेटी अंग्रेजी शराब मिली, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 40 हजार रुपए है। पुलिस ने कार और शराब को जब्त कर लिया है। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत वाहन चालक और वाहन मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को रवाना किया गया है। इस कार्रवाई में एएसआई सुनील पंचाले, प्रआर शैलेन्द्र सैयाम, आरक्षक आलोक बिसेन, रविन्द्र, जितेन्द्र, सैनिक दीनदयाल और डायल 100 पायलेट डिलेन्द्र शामिल थे।

### बालाघाट में पटवारी संघ ने तहसीलदारों की हड़ताल का किया समर्थन

# कार्य विभाजन के आदेश को वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में राजस्व सेवा के प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। यह हड़ताल न्यायालयीन और गैर न्यायलयीन कार्य विभाजन के विरोध में की जा रही है।

गुरुवार को पटवारी संघ ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए कार्य विभाजन के आदेश को वापस लेने की मांग की है। राजस्व सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ अध्यक्ष भूपेंद्र अहिरवार ने कहा कि जब तक विभाजन का आदेश वापस नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के हड़ताल पर जाने से राजस्व और तहसील न्यायालयों के काम रुक गए हैं। इससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने 6 अगस्त बुधवार से काम और कलम बंद हड़ताल शुरू की है। 7 अगस्त से वे सिविल लाईन सभामंच में धरना दे रहे हैं।

वे न्यायालयीन और गैर न्यायलयीन कार्यों के सौंपे गए दायित्व को मनमाना और नियम विरुद्ध बताते हुए कार्य विभाजन के कलेक्टर आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की मांग कर रहे हैं।

आंदोलनकारियों का कहना है कि बिना किसी अध्ययन और बिना किसी सिफारिश के कार्य विभाजन लागू किया गया है, जो नियम के खिलाफ है।

बालाघाट जिले के सभी 21 तहसीलदार और नायब तहसीलदार कार्य बंद कर हड़ताल पर हैं। इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नामांतरण, बंटवारा, सीएम हेल्पलाईन, पीएम किसान सम्मान निधि सहित सभी राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## एसबीआई शाखा द्वारा मेगा कैम्प का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

7 अगस्त को भारतीय स्टेट बैंक एओ जबलपुर और आरबीओ मंडला के निर्देशानुसार नगर पालिका मलाजखंड में भारतीय स्टेट बैंक शाखा मलाजखंड मोहगांव द्वारा विशेष मेगा कैम्प का आयोजन किया गया हैं कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के ईनऑपरेटिव खातों की केवाईसी, प्रधानमंत्री जनधन योजना खाता खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और अटल पेंशन योजना का लाभ ग्रामीण जन को इस कैंप के माध्यम से दिया जाना है जिसमें हमारे 14 सीएसपी ने कैम्प में हिस्सा लिया, आदरणीय क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद सिंह, एफआई मैनेजर सुषमा सुमन एवं आईसेक्ट से एआरएम राजीव पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आईसेक्ट बालाघाट के वरिष्ठ जिला समन्वयक श्रीं विवेकसिंह सोलंकी, शाखा प्रबंधक मोहगांव संजू मर्सकोले, शाखा प्रबंधक मलाजखंड प्रवीण कुमार झा और फ़ील्ड अधिकारी रवि जी का विशेष योगदान रहा l इस कार्यक्रम में FI से संबंधित कार्यो के अलावा आईसेक्ट संस्था के अन्य कार्यों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्र सेवा में समर्पित देश में शिक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार आचरण व्यवहार स्थापित करने के लिए एकल अभियान संच लांजी, अंचल बालाघाट, महाकौशल (म प्र) के द्वारा 30 दिवसीय अखंड श्री रामचरित मानस पाठ आयोजन दादा कोटेश्वर धाम लांजी जिला बालाघाट म प्र में किया जा रहा है के सानिध्य में क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के लिए संच के माध्यम से 27 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक निःशुल्क नेत्र मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन विभिन्न स्थानों पर एकल अभियान संच लांजी,एकल संच लांजी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन नगर मुख्यालय लांजी में और भानेगाव, कुम्हारिकला, बहेला, साडरा, बोलेगांव, घोटी, कांदीकला , सभी स्थानों पर आयोजित किया गया , जिसमें चयनित 50 नेत्र रोगियों को देव जी नेत्रालय के प्रशिक्षित डॉक्टर एवं स्थानीय सहयोगी संस्था के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया, सभी मरीजों को 4 अगस्त 2025 को श्री अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ आयोजन स्थल दादा कोटेश्वर धाम लांजी से प्रस्थान किया जायेगा ,इस अवसर पर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित हुए लोगों को निःशुल्क सेवा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी लोगों की सुविधा प्रदान करने के लिए प्राणी मात्र सेवा के लिए समर्पित अब नागरिकों को दूर दूर तक सफर करने की जरूरत नहीं अपने निकटतम सेवा केंद्र में पहुंचकर जांच परामर्श मार्गदर्शन प्राप्त कर सेवा का लाभ ले । मरीजों की सारी सुविधा केंद्र से ही प्रदान किया जाएगा केंद्र में ही बस सुविधा पहुंचकर लोगो को सुविधा प्रदान करेंगे।

## कलापथक दल बालाघाट द्वारा शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शासकीय कलापथक दल बालाघाट मध्यप्रदेश के प्रमुख कलाकार शेख रफीक को कलम से शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक संदेशो एवं लेखो के माध्यम से जन-जन को नशा से होने वाले नुकसान जैसे हदयगति का रूक जाना, पारिवारिक क्षति, बच्चों के पालन-पोषण पर घर की माता बहनो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दिन रात शराब के कारण स्त्री क्रमे प्रताड़ित होती है। शराब के नशे में हिंसा, बलात्कार, छेड़-छाड़ की घटनाएं हो रही है। माता बहनो के सिर पर जिम्मेदारी आन पड़ी है। अपने बच्चो को नरक में जाने से कैसे बचाएं, इसलिए शराब के ठेकों को खोलने के खिलाफ उनका गुस्सा जायज है। जैसे-खुले हुए नल को बंद नहीं करते, शराब का बनना, बिकना और पीना बदस्तूर जारी है। ऐसी विराट समस्याओं को रोकने के लिए गाँव-गाँव शहर-शहर में शिक्षाप्रद संदेश दिया जा रहा है। मादक पदार्थों एवं मादक द्रव्य के व्यवसनों से होने वाली हानियों से आम जनता को बचाव एवं निदान पर व्यापक रूप से संदेश दिया जा रहा है। चोरी छिपे गैर कानूनी ढंग से नशे का व्यापर कई गुना बड़ा है। नौजवान इस साजिश का शिकार हो रहे है। उपभोग के तौर पर और वाहक के तौर पर प्रदेश, शहर और गाँव के नौजवान को इससे बचाना चाहिए।

नशामुक्त समाज बनाने और आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए चौतरफा घेराबंदी नितान्त एवं अनिवार्य है। शराब पीकर घिनौनी हरकत, गुंडागर्दी, चोरी, नारी का अपमान बच्चों को भोजन के लिए परेशानियों एवं अन्य हरकत कई ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ, इंसान को सताया जाना, घर में घुसकर शराब के नशे में हत्या जैसे जघन्य अपराध को जन्म देना जिससे बड़ी-बड़ी घटनाएं कर फरार हो जाना पर रोक हेतु शासकीय कलापथक दल जिला बालाघाट के प्रमुख कलाकार श्री शेख रफीक के द्वारा लोगों को शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। श्री अशोक सागर मिश्रा वरिष्ठ कलाकार के द्वारा गीतकार की प्रस्तुती मैं दारू हूँ सांची कह रही, सुन दारू पीबै वार। दारू पी गई रावण तक खो, बचे ना कई रोवन वारे। इस तरह गीतकार शेख मंसुर खान जिला बालाघाट ने लिखा है- दारू पीबै माती बाबा, नशा है खराब, दारू पीवै माती।

### 12 से 14 अगस्त तक सभी वार्डों में घर-घर जाकर लगाएंगे तिरंगा

# हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर नगर भाजयुमो की बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आजादी का पर्व धूमधाम और गौरवपूर्ण अंदाज में मनाने के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार और भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के आह्वान पर प्रदेश, जिला, नगर स्तर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस अभियान को सफल और प्रभावशाली बनाने के मकसद से गुरुवार को भाजयुमो नगर मंडल के सभी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रमुख रूप से तिरंगा यात्रा के प्रभारी संजय मिश्रा, नगर अध्यक्ष राकेश सेवाइवार, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे सहित सभी युवा मोर्चा के साथी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 से 14 अगस्त तक सभी वार्डों में घर-घर जाकर तिरंगा लगाएंगे। ऐतिहासिक स्थलों, स्मारकों और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थानों पर स्वच्छता अभियान और पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' प्रत्येक भारतीय नागरिक को अपने घर पर तिरंगे का आन-बान-शान से फहराने और हमारे देश की आजादी का जश्न मनाने का निमंत्रण देता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज मात्र एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे गौरव और एकता का प्रतिनिधित्व भी है। इस मौके पर पूर्व भाजपा टीडी वैध, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष राकेश सेवाइवार, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, अखिलेश चौरे, दीपक लिल्हारे, सोनू कसार, हिमांशु चौकसे, रंजीत गोयल, सिद्धार्थ बाजपेई, विशाल मेश्राम, राजेश राउत, आनंद पिछोडे नितिन नगपुरे, शुभम शिवाले, राहुल जेमी, विजय धामड़े, शुभम रियायत, शुभम बिसेन, प्रथम पांडेल, अभिषेक, प्रियांश तिवारी, प्रख्यात मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

## जनपद खैरलांजी के सभाकक्ष में समान्य सभा की बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत खैरलांजी के सभाकक्ष मे सामान्य सभा की बैठक का आयोजन जनपद अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले एंव जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे के मुख्य उपस्थिती में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में विविध विभाग के पदाधकारी मौजूद रहे। जिन्होंने अपने अपने विभाग की विस्तृत रूप जानकारी दि। जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे ने बताया की बैठक में 5 वां 15 वां वित्त की राशि पर चर्चा की गई तथा जनपद क्षेत्र में 15 वित्त योजना अंतर्गत दिए गए कार्य वीसी रूम, बाउंड्रीवाल, स्टोर रूम, पार्किंग शेड कार्य की समीक्षा की गई । वृक्षारोपण, फलोउधान ,जल संरक्षण के कार्यो व योजना पर चर्चा की गई साथ ही अन्य विषयो पर विस्तृत रूप संवाद स्थापित किया गया । दौरान बैठक में जनपद , स्वास्थ , शिक्षा, कृषि, पशु चिकित्सालय, वन ,सहित अन्य विभाग के प्रशासनिक अधिकारी एवं जनपद सदस्य मौजूद रहे।

## कांग्रेस सेवा दल के उपाध्यक्ष ने भोपाल में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** विगत दिवस कांग्रेस सेवा दल के जिला उपाध्यक्ष एंव सामाजिक कार्यकर्ता भीमप्रकाश बोरकर के द्वारा भोपाल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एंव अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम से मुलाकात की एंव उन्हे पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया एंव संगठन को मजबूत करने के विषय पर चर्चा करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया। कांग्रेस जिला सेवा दल के उपाध्यक्ष भीम प्रकाश बोरकर ने बताया की भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठो से मुलाकात कर कांग्रेस की विचारो का आगे बढाने एंव पाट्री को मजबूत करने के साथ साथ संगठन को आगे बढाने के विषय पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ पदाधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त किया गया ।



# शास. उच्च. माध्य. विद्यालय किन्ही में बाल केबिनेट गठित

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किन्ही में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी बाल केबिनेट गठित की गई, जिसमे विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं से बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शाला स्तरीय विभिन्न पदो के लिए बैलेट पेपर से प्रत्यक्ष चुनाव आयोजित किये गए, जिसमे विद्यालय में उपस्थित 342 विद्यार्थियो ने अपने मतों का प्रयोग किया और विद्यालय के लिए एक बाल केबिनेट तैयार की, शाला नायक के लिए कु. स्वाति कोल्हटकर, कक्षा बारहवीं विजयी रही, वहीं अभय तिड़के कक्षा बारहवीं उप शाला नायक चुने गए, इसी तरह अनुशासन नायक नागेश दान्द्रे, उप अनुशासन नायक पीयूष गजबे, सांस्कृतिक नायक गुलशन ठाकरे, उप सांस्कृतिक नायक याशिका रहांगडाले, क्रीड़ा नायक आर्यन बावने और उप क्रीड़ा नायक आरती कोसरे और कक्षा नवमी से कक्षा बारहवीं तक के विभिन्न कक्षाओं व संकायों के कक्षा नायक और उप कक्षा नायक चुने गए। बता दे कि बाल केबिनेट के चुनाव कार्य वास्तविक निर्वाचन प्रक्रिया की तरह और प्रत्यक्ष चुनाव की तर्ज़ पर आयोजित किये गए, जिनमे शिक्षिका श्रीमती अनिता टेंभरे को मुख्य निर्वाचन अधिकारी व शेष शिक्षकों को पीठासीन और मतदान अधिकारी बनाये गए थे। विद्यालय के संस्था प्रमुख अर्जुनलाल कोरे के द्वारा सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई, इस अवसर पर सभी शैक्षणिक और ग़ैर शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने ली नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सरपंच, सचिवों की बैठक

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 07 अगस्त को जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवो की बैठक आयोजित कर विकास कार्यो के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई और उनकी समस्याओं को सुना गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री राहुल नायक, मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षय यंत्री अमित कुमार, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ईकाई के महाप्रबंधक श्री टीव्ही जौहरे, सुश्री माया मनीष, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज धुर्वे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उईके एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में नल-जल योजना का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है उसे शीघ्र पूर्ण कर ग्राम पंचायत को हस्तांरित करें। नक्सल प्रभावित क्षेत्र की नल-जल योजनायें व्यवस्थित रूप से चलना चाहिए और उनमें कोई समस्या नहीं आना चाहिए। ग्रामीण यां त्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को निर्दे शित किया गया कि नक्सल प्रभा वित क्षेत्र में जिन सड़कों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में शा मिल नहीं किया जा सकता है उन सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से करायें। घुम्मुर से चिखली एवं मछुरदा सड़क के लिए 06 करोड़ रुपये का प्रस्ताव ग्रामीण यां त्रिकी सेवा विभाग के प्रमुख अभियंता को भेजने के निर्देश दिये गये। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के मजरों एवं टोलों को भी मुख्य सड़क से जोड़ने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर श्री मीना ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां पर भी बिजली की समस्या हो उसका त्वरित निदान करें और जहां पर ट्रांसफार्मर लगाने की आवश्यकता हो तो उसे प्राथमिकता के साथ लगायें। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया कि वे शालाओं में शिक्षकों की उपस्थिति पर कड़ी निगरानी रखें और शाला से अनुपस्थिति रहने वाले शिक्षकों का वेतन काटने की कार्यवाही करें। भविष्य में जिले के किसी भी स्थान से शाला के बंद रहने या शिक्षकों के समय पर शाला नहीं आने की शिकायत मिलेगी तो डीपीसी, बीआरसी एवं एपीसी पर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री मीना जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लगाये गये रोजगार शिविर में युवाओं द्वारा जिन क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिलाने की मांग की गई है।



